# आरएसएस मनपा चुनावों में भी दिखाएगी सक्रियता

▶▶ बीजेपी के लिए जमीन तैयार करेगी आरएसएस

▶▶ राज्य के सभी नगर पालिकाओं के चुनाव अप्रैल तक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी की जीत में आरएसएस का अहम रोल माना जाता है। विधानसभा चुनाव में जीत के बाद अब आरएसएस स्थानीय निकाय चुनाव में भी बड़ी भूमिका निभाने को तैयार दिख रही है। चुनाव को लेकर बीजेपी के बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है। बीजेपी स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ सकती है जबकि विधानसभा चुनाव उसने महायुति के दो सहयोगियों एनसीपी और शिवसेना के साथ मिलकर लड़ा था। ऐसी स्थिति महाविकास अघाड़ी के साथ नजर आ रही है। महाविकास अघाड़ी के तीनों घटक दल भी अलग-अलग चुनाव लड़ सकते हैं। बीएमसी पर 25 वर्षों से अविभाजित शिवसेना का कब्जा रहा है। शिवसेना के विभाजन के बाद पहली बार बीएमसी का चुनाव होने जा रहा है।



### रणनीतियों पर बीजेपी का काम शुरू

■ बीजेपी ने आरएसएस के नेतृत्व में अपने फ्रंट संगठनों के बीच समन्वय स्थापित करना शुरू कर दिया है। इसने भयंदर में एक बैठक भी आयोजित की थी जिसकी अध्यक्षता सीएम देवेंद्र फडणवीस और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने की थी। बीजेपी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि भयंदर की बैठक से यह संदेश बाहर निकल कर रहा है कि विधानसभा चुनाव में इसलिए बड़ी सफलता मिली कि बीजेपी और आरएसएस साथ थी।

### दो नई नगर पालिका में भी कराए जाने चुनाव

महाराष्ट्र के 27 नगर पालिकाओं में चुनाव कराए जाने हैं जिनमें बीएमसी भी शामिल है। इसके अतिरिक्त हाल में बनाए गए दो नए नगर पालिका में भी पहला चुनाव होना है। स्थानीय निकाल चुनाव ना कराए जाने के कारण सभी नगर पालिक में प्रशासन का काम सरकार द्वारा नियुक्त एडमिनिस्ट्रेटर करते हैं। महायुति की पूर्ववर्ती सरकार में शिवसेना-यूबीटी बीएमसी चुनाव में देरी के आरोप लगाती रही है।

# ठाणे में आग लगने की दो घटनाएं

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** मंगलवार सुबह करीब 9-11 बजे ठाणे के वृन्दावन बस स्टॉप और श्रीरंग बस स्टॉप के बीच एक अज्ञात वाहन ने सड़क पर तेल गिरा दिया। मंगलवार दोपहर करीब 12-48 बजे ठाणे के नितिन कंपनी सर्विस रोड पर एक रिक्शा में आग लग गई। इन दोनों घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई। मंगलवार को सुबह करीब 9-11 बजे के आसपास ठाणे (पश्चिम) की वृन्दावन सोसायटी में वृन्दावन बस स्टॉप और श्रीरंग बस स्टॉप के बीच सड़क पर तेल फैल गया। उक्त स्थल पर आपदा प्रबंधन कोषांग के कर्मी वाहन सहित उपस्थित थे। घटना स्थल पर सड़क पर फैले तेल के ऊपर मिट्टी फैला दी गयी है और उक्त सड़क को यातायात के लिए साफ कर दिया गया है। दूसरी घटना में नितिन कंपनी आधार हॉस्पिटल के पास पचपक्खड़ी में एक रिक्शा में आग लग गयी। मौके पर दमकलकर्मियों ने आग बुझाई। उधर, रिक्शा में आग लगते ही रिक्शा चालक मौके से चला गया। गनीमत यह रही कि रिक्शे में कोई यात्री सवार नहीं था। इन दोनों घटनाओं में कोई हताहत या घायल नहीं हुआ।



महाराष्ट्र में फिल्म शूटिंग

# 'वन विंडो' से ऑनलाइन अनुमति : फडणवीस



**सांस्कृतिक कार्य विभाग की कार्ययोजना की समीक्षा**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सांस्कृतिक और सामाजिक प्रबोधन के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्य विभाग से सम्बद्ध विविध माध्यमों से रोजगार सृजन भी बड़े पैमाने पर होता है। यह विभाग सॉफ्ट पॉवर के तौर पर काम करता है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने निर्देश दिया है कि महाराष्ट्र में फिल्म निर्माताओं को शूटिंग की अनुमति 'वन विंडो' प्रणाली के माध्यम से तुरंत ऑनलाइन दी जाए। सह्याद्री अतिथिगृह में आयोजित एक बैठक में मुख्यमंत्री फडणवीस ने सांस्कृतिक कार्य विभाग की आगामी 100 दिनों की कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर के त्रिशताब्दी जन्मवर्ष समारोह को विशेष रूप से आयोजित किया जाए और उनके कार्यों को स्कूलों और कॉलेजों तक पहुंचाने के लिए वर्षभर की योजना तैयार की जाए।

### अहिल्यादेवी होलकर पर बनाई जाए फिल्म

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर के महान कार्यों पर एक उत्कृष्ट व्यावसायिक फिल्म बनाई जाए, जिसके लिए सरकार अनुदान प्रदान करेगी। फडणवीस ने निर्देश दिया कि मराठी फिल्मों की शूटिंग बड़े पैमाने पर गोरेगांव स्थित फिल्म सिटी में हो और इसके लिए शुल्क दरों में कटौती की जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि 'हर घर संविधान' पहल के तहत हर घर में संविधान की प्रति पहुंचाई जाए।

### बैठक में कई वरिष्ठ मंत्री और अधिकारी रहे उपस्थित

इस बैठक में कई वरिष्ठ मंत्री और अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री धनंजय मुंडे, सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशिष शेलार, ग्राम विकास तथा पंचायतराज मंत्री जयकुमार गोरे, वस्त्रोद्योग मंत्री संजय सावकारे, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, राज्यमंत्री योगेश कदम, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव विकास खारगे, अपर मुख्य सचिव ओ.पी.गुप्ता, अपर मुख्य सचिव राजगोपाल देवरा, अपर मुख्य सचिव संजय सेठी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अश्विनी भिडे, प्रधान सचिव रणजीतसिंह देओल, प्रधान सचिव एकनाथ डवले, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी, सचिव विरेंद्र सिंह, सचिव रविंद्र सिंह, परिवहन आयुक्त विवेक भिमनवार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के इन निर्देशों से न केवल राज्य में सांस्कृतिक गतिविधियों को बल मिलेगा, बल्कि रोजगार सृजन और फिल्मों के निर्माण में भी नई ऊर्जा आएगी।

# ठाणे में युवकों पर मधुमक्खियों का हमला

▶▶ येउर की पहाड़ियों में ट्रैकिंग करने गए थे 10 युवक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** थर्टी फर्स्ट की पूर्व संध्या पर ट्रैकिंग करना 10 युवाओं को महंगा पड़ गया। सोमवार सुबह करीब 10 बजे ट्रैकिंग के लिए येउर पहाड़ी पर गए थे। जंगल में अनजान युवकों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया और डरे हुए युवक भगदड़ में पहाड़ों में फंस गए। सौभाग्य से, घटना की सूचना मिलने के बाद वर्तकनगर पुलिस, टीडीआरएफ जवानों और ठाणे नगर निगम की आपदा प्रबंधन इकाई की बचाव टीम ने सभी युवाओं को बचा लिया। हालांकि, मधुमक्खियों के हमले में सात लोग घायल हो गए और इनमें से तीन लोग मधुमक्खियों के काटने से गंभीर रूप से घायल हो गए। आपदा प्रबंधन प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल क्रिटिकेयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। 10 दोस्त येउर जंगल में ट्रैकिंग के लिए गए थे। ट्रैकिंग का आनंद लेने के बाद, जंगल की मधुमक्खियों ने उन दस युवाओं पर हमला कर दिया, जिन्हें जंगल के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। मधुमक्खियों के हमले से छिटककर युवक जंगल में फंस गए। येउर के जंगल में फंसे युवकों में ऋषि घोसालकर (18) निवासी चेंदनी कोलीवाड़ा, कोपरी, ठाणे (पूर्व), समर्थ मयेकर (18) घनसोली, नवी मुंबई, प्रणव परब (18) निवासी, विक्रोली, मुंबई, वरद बसा (18) विक्रोली, मुंबई, सोहम देशमुख (18) वैशाली नगर, श्रीनगर, ठाणे, कुणाल पनमंद (18) निवासी। घाटकोपर, मुंबई, तन्मय नाइक (18) निवासी मुलुंड, मुंबई, रोहन घरुड़ (18) निवासी, मुलुंड, मुंबई, आलोक यादव (18) निवासी। कलवा, ठाणे, आर्या यादव (18) घटना की सूचना ठाणे आपदा प्रबंधन, नगर पालिका, कांजूर मार्ग, मुंबई की टीडीआरएफ टीम को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही वर्तकनगर थाने के पुलिसकर्मी और टीडीआरएफ के जवानों ने युवकों की तलाश की और दोपहर करीब 2 से 2-30 बजे के बीच उन्हें सुरक्षित बचा लिया। मधुमक्खियों ने युवक को काट लिया, जिससे युवक कांप उठा। सभी दस युवकों की सुरक्षित रिहाई के बाद उनमें से सात को मामूली चोट के कारण छोड़ दिया गया। हालांकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए ठाणे के क्रिटिकेयर प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सा अधिकारी ने यह भी बताया कि उनका इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर है।

# ठाणे में 240 बोतल कोरेक्स के साथ एक गिरफ्तार

**मुंब्रा पुलिस मादक द्रव्य निरोधक दस्ते को मिली कामयाबी**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** नए साल के स्वागत की तैयारियों के साथ-साथ कमिश्नरेट और पुलिस थाने भी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कमर कस रहे हैं। मुंब्रा पुलिस स्टेशन के मादक द्रव्य निरोधक दस्ते ने गश्ती अभियान के दौरान आरोपी सकलैन मोहम्मद निसार अंसारी (22) को नशे के लिए इस्तेमाल होने वाली दवा कोरेक्स की 240 बोतलों के साथ गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ मुंब्रा पुलिस स्टेशन और एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। मुंब्रा पुलिस यह आशंका जता रही है कि यह ड्रग का एक बड़ा रैकेट हो सकता है।

पुलिस आगे की जांच कर रही है। सकलैन मोहम्मद निसार अंसारी (22) नशे में इस्तेमाल होने वाली कोरेक्स की बोतलों से जहर बाटने आया था। कैलासगिरिनगर कमरा नं। 444, गाजी मदीना मस्जिद के पास, मुंब्रा बाईपास रोड मुंब्रा जिला ठाणे को गिरफ्तार कर लिया गया।





अतिक्रमण निरोधी दस्ते के एक पुलिस कांस्टेबल बन्ने द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर मुंब्रा बाईपास रोड, मुंब्रा ठाणे, मुंब्रा बाईपास रोड पर संदिग्ध व्यवहार कर रहे आरोपी अंसारी की गिरफ्तारी के बाद जांच के दौरान कोरेक्स की बोतलें बरामद की गईं। मुंब्रा ठाणे मंगलवार सुबह करीब 3 बजे बोगदया के पास मुंबादेवी मंदिर के पास मुंब्रा एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड, ठाणे पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में ड्रग रैकेट चलाने वाले एक बड़े गिरोह की संभावना की जांच कर रहा है।

# स्कूल शिक्षा विभाग का केंद्र बिंदु छात्र होंगे : शिक्षा मंत्री

▶▶ गरीब छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** गरीब परिवारों के छात्रों को प्रतिस्पर्धात्मक युग में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके, इसके लिए अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाएगी। यह बात स्कूल शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे ने मंत्रालय में शालेय शिक्षा विभाग का कार्यभार ग्रहण करते हुए कही। इस अवसर पर नासिक जिले की जिला परिषद, मनपा और निजी स्कूलों के विभिन्न क्षेत्रों में निपुण 50 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। भुसे ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग का केंद्रबिंदु छात्र होंगे। आनंददायी शिक्षा पद्धति के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के

### राज्य में सवा दो करोड़ छात्र

■ महाराष्ट्र में पहली से बारहवीं तक के सवा दो करोड़ छात्र, 1 लाख 8 हजार स्कूल और 7 लाख 29 हजार शिक्षक हैं। विभाग की योजनाओं और उपक्रमों के लिए एक क्रियान्वयन योजना तैयार की जाएगी। आगामी दिनों में शिक्षक, छात्र, अभिभावक और शैक्षणिक संस्थाओं से संवाद कर उनकी राय और अनुभवों को समझा जाएगा। साथ ही, शिक्षकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा और ग्रामवासियों तथा अभिभावकों का सहयोग लेने की अपील की जाएगी।

### छात्रों के हित में निर्णय ले विभाग

■ छात्रों के हित में निर्णय लेने के लिए विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है। स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री पंकज भोयर ने कहा कि महाराष्ट्र को शैक्षणिक आंदोलन की समृद्ध विरासत प्राप्त है और यह परंपरा आगे भी जारी रहेगी। कार्यक्रम में उपस्थित 50 छात्रों ने संवाद किया।

# बाप-बेटे ने कुत्ते को मारी गोली, दोनों आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के ओशिवारा के आवासीय परिसर शांतिवन में शनिवार को करीब 2.30 बजे एयरगन से गोली लगने के बाद एक आवारा कुत्ते को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रशांत आनंदराय लक्ष्मेश्वर (52) और उसके बेटे आदित्य (26) को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है, ताकि पता लगाया जा सके कि उनमें से किसने कुत्ते पर गोली चलाई थी। साथ ही पुलिस ने बताया कि उनके घर से मिली एयरगन को जब्त कर लिया।

**कुत्ते के भौंकने पर मारी गोली**

कुत्ते के भौंकने से कथित तौर पर शूटर नाराज हो गया था और उसने पिता की एयरगन का इस्तेमाल किया। ओशिवारा पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि फिलहाल एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। रीता तनेजा जो इलाके में आवारा कुत्तों को खाना खिलाती हैं, ने बताया कि कुत्ते के फेफड़े में गोली लगने के बाद वह जीवन के लिए संघर्ष कर रहा है।

**पुलिस ने दोनों को पकड़ा**

लोखंडवाला ओशिवारा नागरिक संघ के धवल शाह ने बताया कि कुत्ते को बहुत ज्यादा खून बह गया है और उसे अंधेरी के एक पशु चिकित्सालय के गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती कराया गया है। हम कुत्ते को गोली मारने वाले व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।


**मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

निविदा हेतु अनुरोध - MRVC/W/MUTP-3A/KYN-BUD/259

(दो लिफाफा ई-प्रोक्योरमेंट निविदा प्रक्रिया)

**मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एम आर वी सी)**, कॉर्पोरेट कार्यालय, दूसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन भवन, मुंबई- 400020 द्वारा **"मध्य रेलवे के कल्याण - बदलापुर स्टेशनों के बीच प्रस्तावित तीसरी और चौथी लाइन के संबंध में अतिरिक्त पुलों / वायाडक्ट और अन्य विविध कार्यों का निर्माण"**, हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के विवरण तथा निविदा दस्तावेज ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर परिपूर्ण ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि **30.01.2025** दोपहर **14:00 बजे** तक है। **शुद्धिपत्र, यदि कोई है, केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जायेगा।** SNP 03

**हाथी घुसपैठ जांच प्रणाली की व्यवस्था**

निविदा सूचना संख्या : N_10_HQ_2024-25; दिनांक: 26-12-2024. निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। निविदा संख्या : N_10_HQ_IDS_2024-25; कार्य का नाम : पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के कटिहार और अलीपुरद्वार मंडल में सुरक्षा और क्षमता वृद्धि बढ़ाने के लिए ट्रैकिंग और लेवल क्रॉसिंग अलर्ट के साथ हाथी घुसपैठ का पता लगाने के लिए हाथी घुसपैठ जांच प्रणाली की व्यवस्था। विज्ञापित मूल्य: ₹37,42,86,759.66/-; अग्रिम राशि: ₹20,21,500/-; निविदा के बंद करने की तिथि और समय 24-01-2025 को 15:00 बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी।

जीएम (एस एंड टी), मालीगाँव

पूर्वोत्तर सीमा रेल — ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**CHANGE OF NAME & DATE OF BIRTH**

I, **Rajkishor Prasad** is real Father of No **125154T, Ex PO CD1, Rajnish Kumar,** resident of Flat No 101, A/45 Gurukrupa Building, Gokuldham, Goregaon East, Mumbai Suburban, Maharashtra-400063, have changed my name from **Rajkishor Prasad** to **Raj Kishor Prasad** and date of birth from **18/07/1954** to **13/01/1956** vide affidavit dated- 31/12/2024.

**हाथी घुसपैठ जांच प्रणाली का प्रावधान**

निविदा सूचना सं. एन_12_एचक्यू_2024-25। निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.** एन_12_एचक्यू_आईडीएस_2024-25। **कार्य का नामः** लामडिंग और तिनसुकिया मंडल में पू. सी. रेल के अंतर्गत सुरक्षा और क्षमता बढ़ाने के लिए ट्रैकिंग और लेवल क्रॉसिंग अलर्ट के साथ हाथियों की गतिविधियां का पता लगाने के लिए घुसपैठ का पता लगानेवाली प्रणाली। **विज्ञापित मूल्यः** ₹37,96,62,821.53। **धरोहर राशिः** ₹20,48,400.00। **ई-निविदाएं** 24-01-2025 को 15:00 बजे **बंद होंगी।** उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगी।

महाप्रबंधक (एसएंडटी), मालीगांव

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे — ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हस्ती अतिक्रमण पहचान प्रणाली का प्रावधान**

ई-निविदा सूचना संख्या. N_11_HQ_IDS_2024-25। नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **निविदा संख्या. N_11_HQ_IDS_2024-25। आईटम का संक्षिप्त विवरणः** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के रंगिया मंडल पर सुरक्षा एवं क्षमता वृद्धि हेतु ट्रैकिंग एवं लेवेल क्रॉसिंग अलार्ट के साथ हाथी का आवागमन पहचान हेतु हस्ती अतिक्रमण पहचान प्रणाली का प्रावधान कराना। **निविदा राशिः** ₹33,36,79,441.05/-। **धरोहर राशिः** ₹18,18,400/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 24-01-2025 तारीख के 15.00 बजे में। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्र-पत्र के साथ संपूर्ण विवरण www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

महाप्रबंधक (एसएंडटी), मालीगॉव

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे — मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

**कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण**

विद्युत विभाग

निविदा सूचना क्र.08 (2024-2025)

कल्याण डोंबिवली महानगरपालिकेमार्फत 12 विद्युत कामांकरिता ऑन लाईन निविदा मागविण्यात येत आहे. निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र महानगरपालिकेच्या संकेतस्थळ www.mahatenders.gov.in वर दिनांक 01/01/2025 ते 15/01/2025 पर्यंत सायं 05.00 वाजेपर्यंत उपलब्ध आहे.

ऑन लाईन निविदा महानगरपालिकेच्या संकेतस्थळ येथे दि. 01/01/2025 ते 15/01/2025 रोजी सायं 05.00 वाजेपर्यंत स्वीकारण्यात येईल. प्राप्त निविदा शबन झाल्यास दि. 17/01/2025 रोजी सकाळी 11.00 वाजता निविदाकार अथवा त्यांचे प्रतिनिधीसमोर उघडण्यात येतील.

सही/-
शहर अभियंता
कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण

जाक्र. कडोंमपा/ जसंवि / मुका /1186
दिनांक 31/12/2024

**पश्चिम रेलवे द्वारा बांद्रा टर्मिनस-अजमेर के बीच विशेष गाडियों की ट्रिप्स में विस्तारण**

| गाडी नं. | प्रारंभ एवं गंतव्य | परिचालन दिवस | तक विस्तारण |
|---|---|---|---|
| 09622 | बांद्रा टर्मिनस-अजमेर (साप्ताहिक विशेष) | सोमवार | 31 मार्च 2025 |
| 09621 | अजमेर-बांद्रा टर्मिनस (साप्ताहिक विशेष) | रविवार | 30 मार्च 2025 |

गाडी नं. 09622 का आरक्षण 01.01.2025 से सभी पीआरएस काउंटर्स तथा आईआरसीटीसी वेबसाइट पर खुलेगा। गाडियों के समय, विराम एवं वर्गीकरण के विस्तृत जानकारी के संबंध में हेतु यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

उपरोक्त गाडी विशेष दरों पर विशेष गाडी के रूप में चलाई जाएंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly

सभी आरक्षित टिकटधारक अपने साथ मूल आईडी पहचान पत्र रखें।


# सिडको के सहप्रबंध निदेशक राहुल कर्डिले ने ग्रहण किया कार्यभार

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**नवी मुंबई।** राहुल कर्डिले, भाप्रसे ने 31 दिसंबर को सिडको भवन में सिडको के सहप्रबंध निदेशक पद का कार्यभार पूर्व सहप्रबंध निदेशक दिलीप ढोले से ग्रहण किया। राहुल कर्डिले 2015 बैच के महाराष्ट्र कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हैं। वे इंजीनियरिंग (इंस्ट्रूमेंटेशन) में स्नातक हैं। इससे पहले उन्होंने अधिसंख्य सहायक जिलाधिकारी, अमरावती, सहायक जिलाधिकारी और उपविभागीय अधिकारी, सेलू, जि. परभणी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, चंद्रपूर जिला परिषद और सहआयुक्त, मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए), मुंबई के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। सिडको के सहप्रबंध निदेशक पद का कार्यभार स्वीकार करने से पहले राहुल कर्डिले जिलाधिकारी और जिला दंडाधिकारी, वर्धा के तौर पर कार्यरत थे। वर्धा में जिलाधिकारी के तौर पर कार्यरत होने के दौरान राहुल कर्डिले ने तालुका स्तर तक ई-कार्यालय योजना लागू की थी। वर्धा महाराष्ट्र का पहला जिला था, जहां इस योजना को तालुका स्तर पर लागू किया गया। "सेवादूत" योजना के तहत ग्रामस्तरीय उद्यमियों (व्हीएलई) के माध्यम से ऑनलाइन प्रक्रियाओं को लागू कर नागरिकों को घर-घर सेवाएं प्रदान करने की पहल भी उन्होंने की थी। इसके अलावा, उन्होंने वर्धा जिले में 90 से अधिक सेवाओं को अधिसूचित किया और इनमें से 27 सेवाएं ऑनलाइन आरटीएस पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराईं। कर्डिले ने वर्धा जिले के 96 सूखा प्रभावित गांवों में 90 किलोमीटर के नालों का गहरीकरण किया और नालों के किनारे बांस की खेती की शुरुआत की। उन्होंने वर्धा जिला केंद्रीय सहकारी बैंक को पुनर्जीवित करने का प्रयास भी किया।

■ 2015 बैच के महाराष्ट्र कैडर के आईएएस अधिकारी
■ वर्धा में डीएम के तौर पर लागू की थी ई-कार्यालय योजना

# सड़कों पर नए तरीके से खड्डा खुदाई पर प्रतिबंध

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। मुंबई महानगर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रहे विकास कार्यों और निर्माण कार्यों के साथ-साथ वातावरण में हो रहे बदलाव के कारण वायु गुणवत्ता स्तर में गिरावट देखी जा रही है। वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए मुंबई मनपा ने तात्कालिक, अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपायों को लागू किया है। इसके तहत मुंबई मनपा ने चर (खड्डा) खुदाई से संबंधित एक नई नीति जारी की है। इसके अनुसार, खड्डा खुदाई अर्थात ड्रिलिंग के लिए अनुमति देने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। पानी की आपूर्ति से संबंधित मुख्य जलवाहिनी में लीक होने के कार्य को छोड़कर, अब नए खड्डा खुदाई की अनुमति नहीं दी जाएगी। मनपा आयुक्त और प्रशासक भूषण गगराणी ने इस बाबत आवश्यक निर्देश दिए हैं। पर्यावरणीय बदलावों के कारण बृहन्मुंबई क्षेत्र (मुंबई शहर और उपनगर) सहित पूरे मुंबई क्षेत्र में वायु गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और वायु प्रदूषण में वृद्धि हो रही है। इस पृष्ठभूमि में, वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए मुंबई मनपा द्वारा पहले ही मार्गदर्शक सिद्धांत और मानक कार्यप्रणालियाँ लागू की जा चुकी हैं।

**मनपा आयुक्त और प्रशासक भूषण गगराणी के निर्देश**

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे

# ट्रेनों की नई समय सारणी आज से लागू

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पू. सी. रेलवे) 1 जनवरी, 2025 से ट्रेनों की नई समय सारणी लागू करने को तैयार है। इस अद्यतन समय सारणी में कई बदलाव किए गए हैं, जिसका उद्देश्य पूरे क्षेत्र की कनेक्टिविटी में सुधार, यात्री सुविधा को बढ़ाना और परिचालन दक्षता को सुव्यवस्थित करना है। नई समय सारणी की एक प्रमुख विशेषता 43 ट्रेनों की गति को बढ़ाना है, जिससे प्रमुख मार्गों पर यात्रा अवधि में काफी कमी आएगी। उदाहरण के तौर पर, एसएमवीटी बेंगलुरु - न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 22501) अब 120 मिनट, जबकि कामाख्या - गोमती नगर एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 15077) 75 मिनट का समय बचाएगी। इसी तरह, डिब्रूगढ़ - हावड़ा एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 15962) के यात्रा समय में 60 मिनट की कमी आएगी। यह समायोजन यात्रियों को तेज और अधिक कुशल सेवाएं प्रदान करने में पू. सी. रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं। इसके अलावा, यात्रियों की आवश्यकताओं के अनुरूप 24 एक्सप्रेस ट्रेनों की समय-सारणी में संशोधन किया गया है। उदाहरण के लिए, न्यू जलपाईगुड़ी-नई दिल्ली एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12523) अब न्यू जलपाईगुड़ी से 08:45 बजे रवाना होगी, जबकि सिलचर-तिरुवनंतपुरम सेंट्रल एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12508) सिलचर से 19:30 बजे रवाना होगी। इसके अतिरिक्त, यात्रियों की सुविधा के लिए 16 अंतरा-जोनल मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों और 23 डेमू ट्रेनों के समय-सारणी में भी संशोधन किया गया है। इन संशोधनों का उद्देश्य यात्रियों के लिए कनेक्टिविटी में सुधार और सुगम यात्रा का अनुभव सुनिश्चित करना है। पू. सी. रेलवे यात्रियों को निर्बाध और बेहतर यात्रा का अनुभव प्रदान करने को प्रतिबद्ध है। नई समय सारणी में किए गए बदलाव परिचालन में सुधार, कनेक्टिविटी का विस्तार और यात्रियों की जरूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इन ट्रेनों के ठहराव और समय-सारणी का विवरण आईआरसीटीसी की वेबसाइट और पू. सी. रेलवे के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा शुरू करने से पहले विवरणों की जाँच कर लें।

**43 ट्रेनों की बढ़ाई जाएगी गति**


**मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल**

(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण) की क्षेत्रिय इकाई

फोन नं. 022-66405432, ई-मेलः eewest.msib@mhada.gov.in

संदर्भ क्र. ईई/पश्चिम/एमएसआईबी/ई-निविदा/177/2024-25

**ई-निविदा सूचना क्र. 177**

कार्यकारी अभियंता, (पश्चिम) डिविजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 537, 4 था तल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व) मुंबई 400051 फोन नं. (022) 66405432 द्वारा ई-निविदा प्रक्रिया माध्यम से पीडब्ल्यूडी/म्हाडा/सीपीडब्ल्यूडी/सिडको/एमईएस/एमजेपी/एमआईडीसी/भारतीय रेलवे/बीपीटी/एमसीजीएम से या किसी शासकीय या अर्द्ध शासकीय संस्था के साथ उपयुक्त वर्ग में पंजीकृत ठेकेदारों से 23 नग कार्यों हेतु बी-1 (प्रतिशत दर) प्रपत्र में खुली निविदा/नियमित ई-निविदा आमंत्रित है। विस्तृत निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र शासन के पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसे डाउनलोड कर सकते है। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड कर सकते है। निविदा अनुसूची इस प्रकार हैः

| क्र. सं | चरण | समय अवधि की दिनांक | क्र. सं. | चरण | समय अवधि की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दस्तावेज विक्रय प्रारंभ | 01.01.2025 को प्रातः 10.30 बजे | 2 | दस्तावेज विक्रय बंद होना | 15.01.2025 को शाम 03.00 बजे |
| 3 | तकनीकी बोली खुलना | 17.01.2025 को प्रातः 03.05 बजे से | 4 | मूल्य बोली खुलना | 20.01.2025 को प्रातः 10.30 बजे से |

सक्षम अधिकारी के पास किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है, सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं होंगे।

नोटः 1. विस्तृत निविदा सूचना हेतु कृपया वेबसाइट को संदर्भित करें।
नोटः 2. कोई भी शुद्धि पत्र/संशोधन केवल वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

म्हाडा- राष्ट्र का एक अग्रणी गृह निर्माण प्राधिकरण
सीपीआरओ/ए/1077

कार्यकारी अभियंता(प)
मुं. झो. सु. मंडल, मुंबई

Follow us: @mhadaofficial

# पाली में सुबह छाया रहा हल्का कोहरा

## 6 कि.मी प्रति घंटे की गटि से चली ठंडी हवा, तेज सर्दी का एहसास

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली में मंगलवार सुबह मौसम सर्द रहा। सुबह के समय हल्का कोहरा छाया रहा। छह किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चल रही कोल्ड वेव तेज सर्दी का एहसास कर रहा थी। सुबह के समय शहर की सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम ही देखने को मिली।

मौसम विभाग की मानें तो आज पाली को न्यूनतम तापमान दस डिग्री और अधिकतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि सोमवार को न्यूनतम तापमान नौ डिग्री और अधिकतम तापमान 24 डिग्री दर्ज किया गया था।



पाली में बांगड़ कॉलेज के निकट एक चाय की थड़ी पर अलाव तापते हुए लोग।

पाली शहर में सुबह के समय नहर पुलिया रोड पर लोगों की आवाजाही कम देखने को मिली। सुबह सात बजे तक हल्का कोहरा छाया रहा। यहां से लोर्डिया पाली रोड पर पहुंचे तो यह रोड भी सूनी-सूनी सी नजर आई। वॉकिंग करते हुए कुछ लोग नजर आए। बजरंगबाग में दर्शन करते हुए लोग दिखे।

यहां से अंबेडकर सर्किल पहुंचे तो बांगड़ अस्पताल के बाहर बनी कई चाय की थड़ियों पर लोग चाय की चुस्कियों के साथ अलाव तापते नजर आए। बांगड़ अस्पताल परिसर में भी धूप निकलने पर कई मरीजों के परिजन धूप में सेंकते दिखे।

# नशे में युवक ने हाथ-गले पर ब्लेड से लगाए कट

## लहूलुहान हालत में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे

**पाली।** पाली में एक युवक ने अपने हाथ और गले को ब्लेड से काट लिया। इससे वह गंभीर घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। अस्पताल में फिलहाल युवक का इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार- पाली शहर के प्रताप नगर में रहने वाले संजय नाम के युवक ने नशे में खुद के गले और हाथ पर ब्लेड से कई बार कट लगाए। जिससे खून बहने लगा और कई जगहों से घायल हो गया। लहूलुहान हालत में परिजन युवक को लेकर सोमवार की देर शाम उपचार के लिए पाली के बांगड़ अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसका उपचार किया गया। डाक्टर ने बताया कि युवक के हाथ और गले में कई जगह ब्लेड के कट के निशान मिले। जिससे उसका काफी खून बहा। गनीमत रही कि युवक को गहरा घाव नहीं हुआ। हालांकि युवक ने ऐसा क्यों किया, इसको लेकर पुलिस पूछताछ जांच में जुटी है।

# क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन सिंदरू ने जीता पहला मैच



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** गुड़िया-बलाना गांव में मंगलवार को जोजावर माता क्रिकेट मैदान में विक्रमसिंह की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हुई। आयोजन कमेटी के कल्याणसिंह राठौड़ ने बताया कि प्रतियोगिता में 28 टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता का उदघाटन मैच खिमाड़ा व सिंदरू के बीच खेला गया, जिसमें सिंदरू टीम विजेता रही।

इस दौरान पाली दुग्ध उत्पादक डेयरी अध्यक्ष प्रतापसिंह बीठिया, जवाई किसान संघर्ष समिति सुमेरपुर आहोर के अध्यक्ष जयेन्द्रसिंह गलथनी, भरतसिंह बलाना, इंद्रसिंह गुडिया, सरपंच शंभूराम मीणा, समाजसेवी भीमसिंह बलाना मौजूद थे।

# शिविर में विद्यार्थियों ने खेलकूद प्रतियोगिता में लिया भाग



**सुमेरपुर।** वंदना बाल निकेतन माध्यमिक विद्यालय में रविवार को संस्था सचिव जेठाराम कुमावत के आदेशानुसार सात दिवसीय एसयूपीडब्ल्यू शिविर का समापन किया गया। संस्था प्रधान भगवती कंवर ने बताया कि शिविर में छात्र-छात्राओं के अलग अलग दल बनाए गए। जिसमें दल के नाम शिवाजी, महाराणा प्रताप, झांसी की रानी लक्ष्मी बाई नाम रखे गए। शिविर में अनुपयोगी वस्तुओं के उपयोग से आस-पास के सार्वजनिक स्थलों की सफाई की और देश को स्वच्छ बनाने के लिए लोगो को जागरूक किया। शिविर के समापन पर नोवी के मल्लेश्वर महादेव मंदिर पर छात्रों ने नृत्य, अंताक्षरी, क्रिकेट, कुश्ती, फुटबॉल खेलने का लुफ्त उठाया। इसके बाद छात्रों को वन में भ्रमण करवाया। इस दौरान सुरेश कुमावत, फारूक, अशोक, सूरज, दिलीप सिंह, प्रहलाद सिंह, शिल्पा, पूजा, कोमल, शबनम, उर्मिला आदि मौजूद रहे।

# बाली की साधारण जन सभा आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नाडोल।** विधानसभा क्षेत्र बाली के सभी परगनों, सौतालों, संस्थाओं और मंदिर ट्रस्ट के अधीन आने वाले समस्त गांवों के प्रजापति बंधुओं की उपस्थिति में मंगलवार को प्रजापति जागृति संस्था विधानसभा क्षेत्र बाली की साधारण सभा की बैठक का आशापुरा माताजी परिसर में आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। जिसमें मुख्य विषय नवीन कार्यकारिणी का चुनाव रहा। निर्वाचन अधिकारी के रूप में। अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लालाराम प्रजापत ने भूमिका निभाई। जिसमें सर्व सम्मति से पूरणमल जलवाणिया को अध्यक्ष चुना गया। सचिव के रूप में प्रभुलाल बीजापुर और कृष्ण कुमार कवाडिया को पुनः कोषाध्यक्ष चुना गया। बाली विधानसभा के विभिन्न सौतालों के प्रतिनिधि के रूप मे उपाध्यक्ष चुने गए जिसमें बाली परगने से अमृतलाल जाजपुरा, बारवा सौताला से



पुखराज प्रजापत, डूंगरली भवन से विजयराज कवाडिया, सादड़ी आना से मदनलाल और मोहन प्रजापत, दादाई सौताले से हीराराम, नाडोल सौताला से मोहनलाल, धणी सौताला से टीकमराम प्रजापत, छोटी बारी सौताला से प्रवीण कुमार चुने गए। मांगीलाल मुटाणा, सह सचिव और मांगीलाल प्रजापत को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। लच्छाराम प्रजापत और लालाराम प्रजापत को कार्यकारी निदेशक का दायित्व सौंपा गया। पुनाराम सेसली और घीसूलाल बेतोड़िया को संरक्षक बनाया गया। इस दौरान बाली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न परगनों से सैकड़ो समाजबंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे प्रजापति विकास समिति (प्रजापति समाज) नाडोल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संरक्षक, दुदाराम प्रजापत अध्यक्ष, लुम्बाराम प्रजापत सचिव, मोहनलाल प्रजापत सहसचिव, प्रकाश कुमार प्रजापत कोषाध्यक्ष, मोहनलाल प्रजापत सह कोषाध्यक्ष हरीश कुमार, प्रजापत, कपुरचंद, सोशल मीडिया प्रभारी गोविंद प्रजापत एवं नाडोल के समस्त प्रजापति समाज (प्रजापति विकास समिति नाड़ोल) बंधुओ का सहयोग रहा।।

# नवनियुक्त वकील मंडल अध्यक्ष का किया बहुमान

**सुमेरपुर।** श्री बाण माता मंदिर माली समाज सेवा संस्थान सुमेरपुर के परामर्शदाता एडवोकेट रतन गहलोत को सुमेरपुर वकील मंडल संगठन के निर्विरोध अध्यक्ष बनाए जाने पर मंगलवार शाम को श्री बाण माता मंदिर माली समाज सेवा संस्थान के मुख्य संरक्षक रूपाराम परिहार के सानिध्य में माला व साफा पहनाकर स्वागत कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर संरक्षक मूलाराम गहलोत, कोषाध्यक्ष रमेश गहलोत, सचिव जितेंद्र गहलोत एडवोकेट, उपाध्यक्ष हिम्मत गहलोत, सलाहकार समिति के बंटी गहलोत, मांगीलाल गहलोत, वरिष्ठ सदस्य राजू माली, बाण माता मंदिर पुजारी हिम्मत रावल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# पेंशन और अन्य भुगतान महिला स्वास्थ कार्यकर्ता को सौंपा



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर हितेंद्र वागोरिया ने राजकीय सेवानिवृति के दिन ही पेंशन भुगतान और अन्य भुगतान महिला स्वास्थ कार्यकर्ता उमा स्वामी को दिया। उप स्वास्थ्य केंद्र चामुंडेरी मेड़तियान से उमा स्वामी अपनी 60 वर्ष आयु पूर्ण करने पर दिनांक 31 दिसंबर को राजकीय सेवा से सेवानिवृत हो रहे बाली ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर हितेंद्र वागोरिया ने उनके अच्छी कार्य सेवा की सराहना की और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौतम पालीवाल, लेखाधिकारी मदनलाल मेघवाल, ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर अजहरुद्दीन, एसटीए नारायण लाल परिहार, जगदीश प्रसाद, डॉक्टर प्रेम कुमार, कैलाश शर्मा, प्रेम प्रकाश, सोहनलाल, पंकज कुमार, मनोज कुमार, खेताराम मौजूद रहे। उमा स्वामी ने ब्लॉक कार्यालय के स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

# फालना की वार्षिक मैत्री खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड खंड फालना की वार्षिक मैत्री खेलकूद प्रतियोगिता फालना के संत पॉल स्कूल में अधिशाषी अभियंता निमेंद्रराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें उपखंड फालना, बेड़ा, नाना, बाली, सांडेराव, सुमेरपुर एवं तखतगढ़ की टीम ने भाग लिया। निगमकर्मी सुखसिंह खंगारोत ने बताया की प्रतियोगिता में क्रिकेट में बेड़ा उपखंड विजेता एवं बाली उपखंड उपविजेता, टेबल टेनिस एकल में फालना विजेता एवं तखतगढ़ उपविजेता, टेबल टेनिस युगल में फालना विजेता एवं बेड़ा उपविजेता, बैडमिंटन सिंगल में फालना विजेता एवं तखतगढ़ उपविजेता, बैडमिंटन युगल में फालना विजेता और उपविजेता, कैरम सिंगल में फालना विजेता एवं उपविजेता, कैरम युगल में उपखंड सुमेरपुर विजेता उपविजेता नाना तृतीय फालना रहे।

अधिशासी अभियंता निमेंद्र राज सिंह ने कहा कि इस खेलकूद के माध्यम से हमारा खंड परिवार जुड़ा रहता है व हंसी खुशी के माहौल में वर्ष भर कार्य कर पाते हैं।

इस अवसर पर सहायक अभियंता फालना राजकुमार मीणा, रवि टॉक बाली, अवधेशराज सिंह बेड़ा, आई जे मीणा नाना, प्रतीक दवे सांडेराव, कनिष्ठ अभियंता फालना नरेंद्र कुमार शर्मा, लोकेंद्र सिंह सांडेराव, दिनेश सुथार बाली, रविंद्र कुमार लुणावा, उज्जवल मीणा बेड़ा, खेल प्रबंधन कर्ता हर्षवर्धन सिंह शक्तावत व महेंद्र मीणा शाहिद निगम कर्मी उपस्थित थे।

## रोडवेज बस -बाइक टकराने का मामला

# दुर्घटना में एक की मौत, आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने किया पथराव

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** कल प्रतापगढ़ सादडी मुख्य सड़क मार्ग पर रोडवेज बस और मोटरसाइकिल के एक्सीडेंट में घायल दो युवकों में से एक युवक की मंगलवार को मौत के बाद प्रदशनकरियो ने हंगामा खड़ा कर दिया। प्रदशनकारी पुलिस थाने में समझाइश के बाद भी नहीं माने। प्रतापगढ़ सादडी में मुख्य रोड पर चक्का जाम कर दिया। वहां से निकल रही फालना रोडवेज बस पर पत्थर बाजी की। इस मामले की सादडी पुलिस को जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची। लेकिन लोगों ने पुलिस पर भी पथराव कर दिया जिससे पुलिस वाले भी घायल हो गए। लोगों ने रोड पर पत्थर रखकर रास्ता जाम कर दिया, पुलिस द्वारा अतिरिक्त पुलिसबल थानों से मौके पर भेजा गया। सादड़ी में फालना मार्ग पर सोमवार रात को बस और बाइक टक्कर में दो युवकों के पैर कट गए थे। उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। इसके बाद गुस्साए लोगों ने मंगलवार दोपहर को सादड़ी-फालना रोड़ पर जाम लगा दिया। प्रदशनकरियो ने करीब 3:30 बजे फालना की ओर से आ रही बस पर पथराव कर दिया। इस दौरान बस में



**▸▸ पुलिसकर्मी हुए घायल, अन्य थानों का जाब्ता पहुंचा**

मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बस के पीछे का कांच तोड़कर सवारियों को बाहर निकाला। सूचना पर बाली सादड़ी और फालना थाने से अतिरिक्त जाब्ता मौके पर पहुंचा। इस दौरान एडिशनल एसपी चैन सिंह महेचा, डीएसपी राजेश यादव, देसूरी तहसीलदार हरेंद्र सिंह चौहान मौके पर पहुंचे और एक घंटे की समझाइश के बाद रास्ते को खुलवाया। वहीं, पथराव के बाद बाली, सादड़ी और फालना पुलिस जाप्ता घटनास्थाल पर भेजा गया। एडिशनल एसपी चैन सिंह महेचा, बाली डीएसपी राजेश यादव मौके पर पहुंचे और प्रदशनकारियो से समझाइश की। वहीं प्रदर्शनकारियों द्वारा एक्सीडेंट करने वाले चालक को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। एक घंटे की समझाइश के बाद सड़क मार्ग खुलवाया गया। रोडवेज बस को पलटने एव पथराव के चलते सादडी पुलिस के पहुचने पर प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर भी पथराव कर दिया। पथराव से सादडी थाने के पुलिसकर्मी भी चोटिल हो गए। खबर लिखे जाने तक पुलिस समझाइश कर रही थी।

# जैन समाज सम्मेलन संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** श्री वासुपूज्य जैन संघ सुमरेपुर एवं जैनम प्रवासीय परिषद मुंबई के बैनर तले तीन दिवसीय स्नेह मिलन सम्मेलन साध्वी मरूधर रत्न अक्षय रसा की निश्रा में धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। सम्मेलन में रोजाना सवेरे व्याख्यान व रात में संगीत सम्राट विपिन पोरवाल व वैभव वाघमार ने प्रस्तुतियां देकर धूम मचाई। गायिका समीपा दफ्तरी ने महिलाओं को सांझी, मेहंदी का कार्यक्रम कर मनोरंजन किया। सम्मेलन को लेकर मंदिर को आकर्षक रोशनी व प्रभु की आंगी रचाई गई। संस्था सचिव पोपटलाल जैन ने बताया कि जैन समाज का यह सम्मेलन युवा पीढ़ी को अपने गांवों की पहचान कराते हैं। व्यापार के सिलसिले में अलग-अलग प्रांत में रहने वाले प्रवासी समाजबंधुओं का मिलन होता हैं। यह सम्मेलन हर बार दिसंबर माह के अंत में ही रखा जाता हैं। सम्मेलन में जैन युवा संघ के अध्यक्ष संजय बाफना, पियुष मुनोत, संजय गुगलिया, राहुल साकरियां, ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष दाड़मचंद



जैन, प्रकाश साकरिया, सुरेंद्र लुणिया, लालचंद, मुकेश, टीकमचंद, प्रकाश लुणिया, जैन प्रवासीय परिषद के दिलीप चाबड़ा, ललित जैन, दिनेश कुमार सहित जैनम प्रवासी परिषद मुंबई व जैन युवा संघ सुमेरपुर का सहयोग रहा।

# अजमेर मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्य बने

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** अजमेर रेल मंडल ने डीआयूसीसी सदस्यों का मनोनयन किया। जिसमें सुमेरपुर निवासी श्याम अग्रवाल को रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (डी.आर.यू.सी.सी.) में बतौर सदस्य नियुक्त किया। मंगल के मनोनीत होने पर रमेश राठौड़, पुखराज चौधरी, रमेश कुमार ने फोन पर उन्हें



बधाई दी। इस अवसर पर अग्रवाल समाज की ओर से उनका स्वागत किया गया। डी.आर.यू.सी.सी. की ओर से आगामी दो सालों के लिए अजमेर मंडल का पुनर्गठन किया गया, जिसमें मंगल को सदस्य मनोनीत किया गया। इस अवसर पर विजय अग्रवाल, रवि अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, श्रवण अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अश्विन गुप्ता, जतिन अग्रवाल मौजूद थे।

# संभाग बनाएं रखने की मांग पूरी होने तक जारी रहेगा धरना : वक्ता

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** पाली को संभाग यथावत रखने की मांग को लेकर पाली कोर्ट के बाहर धरने पर बैठे अधिवक्ता व अन्य लोग। पाली को हाल ही में संभाग का दर्जा रद्द कर दिया गया। इससे नाराज होकर पाली संभाग बचाओ संघर्ष समिति की ओर से पाली संभाग बचाओ आंदोलन मंगलवार से शुरू किया गया। इसके तहत पाली कोर्ट के बाहर समिति के नेतृत्व में बड़ी संख्या में एडवोकेट, शहरवासी धरने पर बैठ गए। पाली संभाग बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट मगराज सोनी ने कहा कि गत कांग्रेस सरकार ने पाली को संभाग बनाने का दर्जा दिया। इससे क्षेत्र की जनता खासी खुश थी।



ऐसा लगा कि अब पाली भी जोधपुर की तरह जल्द बड़ा शहर बनेगा, विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। पाली में संभागीय आयुक्त, आईजी ऑफिस भी शुरू हो गए। लेकिन भाजपा सरकार ने एकदम से पाली को संभाग का दर्जा खत्म कर दिया। इससे पालीवासियों में खासा रोष है। जब तक पाली को संभाग बनाना यथावत रखने का निर्णय नहीं किया जाता तब तक धरना जारी रहेगा। धरने पर एडवोकेट राजेंद्र कुमार शर्मा, एमए खान, सुधीर कांकाणी, रहीश खान, विरेंद्र मेघवाल, मंसाराम हठेला, राजूराम हरियाल, राजूदास वैष्णव, विक्रम चंदानी, मांगीलाल प्रजापत, अरविंद् कुमार राव, नवरतन चौहान, सद्दाम काजी, सलीम सोढ़ा, इस्मालुद्दीन मोयल, चेतन चौहान, सुरेन्द्रसिंह लबाणा, किशोर चौधरी, भागीरथ सिंह राजपुरोहित रूपावास, दिलीप सिंह, प्रवीण राव, अरविन्द राव सहित कई वकील और शहरवासी धरने पर बैठे रहे।

# बेसहारा व असहाय लोगों को आश्रय स्थल पहुंचा रहे पालिका के कर्मचारी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** पालिका क्षेत्र के विभिन्न स्थानों व फुटपाथ पर रात बीता रहे बेसहारा व असहाय लोगों को पालिका प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर आश्रय स्थलों में ठहराया जा रहा है। पालिका अधिशाषी अधिकारी नरपतसिंह राजपुरोहित के निर्देशन में सुमेरपुर शहर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उस दौरान खुले एवं फुटपाथ पर सो रहे निराश्रित, जरूरतमंद लोगो को रैन बसेरों में ठहराया जा रहा है। अभियान सात जनवरी तक जारी रहेगा। जिसमें पालिका कार्मिकों को रात्रि गश्त करने तथा निराश्रित, बेघर व असहाय लोगों को आश्रय स्थल में भिजवाने के संबंध



में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। उक्त कार्य के लिए पालिका स्तर पर दल गठित किया है। अभियान में पालिका कार्मिक भरत कुमार, मुकेश कुमार, पारस राव व अन्य पालिका कार्मिक उपस्थित रहे।

# कैबिनेट मंत्री 5 दिवसीय पाली जिले के दौरे पर

**सुमेरपुर।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी व देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत जिले के पांच दिवसीय यात्रा के दौरान सुमेरपुर दौरे पर रहेंगे। कुमावत एक जनवरी को सुमेरपुर के स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाउस पाली में करेंगे। वे दो जनवरी को पाली से रवाना होकर सुबह नौ बजे सुमेरपुर पहुंचेंगे। जहां वे भांगेसर, बानियावास, लाम्बिया, हेमावास ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे। मंत्री कुमावत तीन जनवरी को सुबह नौ बजे सुमेरपुर पहुंच गुड़ा एंदला, डिंगाई, जैतपुरा, चांचोड़ी ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा रात्रि विश्राम सुमेरपुर में करेंगे। वे चार जनवरी को सुबह दस बजे सुमेरपुर के बालराई, कीरवा, मांडल ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों के उद्घाटन, शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा रात्रि विश्राम सुमेरपुर में करेंगे। वे पांच जनवरी को ढोला सुबह नौ बजे पहुंचेंगे तथा ढोला ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के उद्घाटन, शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## वरिष्ठ नागरिक समिति जिला शाखा पाली

# पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि

**नाडोल।** मंगलवार की साप्ताहिक बैठक का आयोजन करण सिंह चाली स्थित सभागार में अध्यक्ष डा. रामलाल मोहबारशा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। महामंत्री नरपत सिंह कुंपावत ने बताया की बैठक में संगठन संबंधी गतिविधियों और सात जनवरी को होने वाले नव वर्ष समारोह पर चर्चा की गई। बैठक में देश के पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह को सभी वरिष्ठ जनों ने श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में बताया कि वे देश के ईमानदार प्रसिद्ध अर्थशास्त्री कर्मठ प्रशासक और गरीबों के हितेषी थे। उन्होंने 1991 में भारत को बहुत ही विकट तंगी से बाहर निकाला था। महामंत्री नरपत सिंह कुंपावत ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थे। जिन्होंने अपने ज्ञान को देश की सेवा में लगाया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवरत्न गुप्ता ने कहा कि आर्थिक सुधार लागू करके देश को एक नई दिशा प्रदान करने वाले देश के प्रधानमंत्री थे। गोपाल दास मुंदड़ा, कांतिलाल मुथा, रामसजीवन तापड़िया, कृष्ण चंद्र जोशी, ओटाराम सोलंकी आदि ने भी अपने विचार प्रकट कर श्रद्धांजलि दी। बैठक में सुरेश कुमार जालोरा, श्रवण कुमार तंवर, विष्णु कुमार गोयल, गणपत



सिंह दहिया, वृद्धि चंद मेवाड़ा, घीसालाल, चैन सिंह खींची, जगदीश दुबे, पीरु लाल बंजारा आदि श्रद्धांजलि सभा में मौजूद रहे। इसी के साथ महामंत्री द्वारा सभा का समापन किया गया।

राजस्थान-2024

# भजनलाल ने लिए साहसिक फैसले



## जनहितैषी कार्यों को दी प्राथमिकता

**जयपुर।** राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार ने का एक साल पहला साल पूरा कर लिया है। यह साल राज्य के विकास, प्रशासनिक सुधारों और जनता के कल्याण के लिए साहसिक फैसलों का गवाह रहा। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में बनी इस सरकार ने शुरुआत से ही जनहित को प्राथमिकता दी और राज्य की दिशा बदलने वाले कई बड़े कदम उठाए। भजनलाल शर्मा सरकार ने शिक्षा और रोजगार क्षेत्र में अहम सुधार किए। पेपर लीक और नकल माफियाओं पर रोक लगाने के लिए विशेष टास्क फोर्स (एसआईटी) का गठन किया गया। युवाओं के लिए सरकारी और निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने पर जोर दिया गया। अभी तक 70,000 सरकारी नौकरियों की विज्ञप्ति जारी की जा चुकी है, जिससे युवाओं को बड़ी राहत मिली है। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ने पुलिस और शिक्षक भर्तियों में महिला आरक्षण को बढ़ाकर 50% किया। उज्ज्वला योजना के तहत 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने की शुरुआत से गरीब महिलाओं को राहत मिली।

### साल के सबसे अहम फैसले

- 'राइजिंग राजस्थान' अभियान के जरिए 35 लाख करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित किया, जिससे राज्य में बुनियादी ढांचे और ऊर्जा क्षेत्र में सुधार हुआ।
- ऊर्जा क्षेत्र में 2.24 लाख करोड़ रुपए के निवेश के लिए केंद्र सरकार के साथ कई समझौते किए गए।
- किसानों को प्रधानमंत्री किसान योजना की दूसरी किस्त जारी कर राहत दी गई।
- इसके अलावा, जल संकट को दूर करने के लिए ERCP और यमुना जल परियोजना की शुरुआत की गई, जो 21 जिलों को पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करेगी।
- महंगाई पर काबू पाने के लिए पेट्रोल और डीजल पर वैट में कटौती की गई। यह फैसला जनता के लिए बड़ा राहत भरा कदम साबित हुआ।
- भजनलाल शर्मा सरकार ने सरकारी कामकाज को सरल और निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए 5 विभागों में 9 नई नीतियों की शुरुआत की है।
- कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा करते हुए सातवें राज्य वित्त आयोग का गठन कर प्रशासनिक सुधारों को मजबूती दी गई।
- जबरन धर्मांतरण रोकने के लिए नया कड़ा कानून प्रस्तावित कर सरकार ने सामाजिक समरसता को प्राथमिकता दी।
- उपचुनावों में भाजपा ने 7 में से 5 सीटें जीतकर यह साबित कर दिया कि जनता मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार पर भरोसा करती है।



**मुंबई।** जागरूक टाइम्स कार्यालय में सिरोही के अति. पुलिस अधीक्षक पी.डी. धानिया एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती बनारसी देवी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते जागरूक टाइम्स के समूह संपादक गोविंद पुरोहित। साथ में हैं नवी मुंबई के समाज सेवी किरणसिंह राजपुरोहित।


# परिवार सहित रणथंभौर पहुंचे राज्यपाल



- टाइगर सफारी का लुत्फ उठाया

**सवाई माधोपुर।** साल के आखिरी दिन प्रदेश के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने परिवार सहित रणथंभौर नेशनल पार्क का दौरा किया। भारी सुरक्षा के बीच उनका काफिला जयपुर से सड़क मार्ग से सवाई माधोपुर पहुंचा। यहां पहुंचकर राज्यपाल ने खुली जिप्सी में परिवार के साथ रणथंभौर नेशनल पार्क का भ्रमण किया और जोन नंबर चार में बाघिन एरोहेड और उसके शावकों की अठखेलियां देखीं। इसके साथ ही उन्होंने टाइगर टी-120 गणेश को स्वच्छंद विचरण करते हुए भी निहारा। पार्क भ्रमण के दौरान राज्यपाल जोगी महल पहुंचे, जहां कलेक्टर शुभम चौधरी और पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने औपचारिक रूप से उनका स्वागत किया। रणथंभौर के मुख्य वन संरक्षक अनूप के.आर. भी मौके पर उपस्थित थे। राज्यपाल ने वन अधिकारियों से रणथंभौर नेशनल पार्क के प्रबंधन, वन्यजीव संरक्षण और जिले की कानून व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही पार्क की व्यवस्थाओं और वन प्रबंधन की सराहना करते हुए राज्यपाल ने इसे प्रभावशाली बताया। राज्यपाल ने सर्किट हाउस में परिवार सहित दोपहर का भोजन किया और फिर अपने काफिले के साथ जयपुर के लिए रवाना हो गए।

# एआई के इस्तेमाल से सड़क सुरक्षा : सीएम



- परिवहन विभाग ने की 100 दिनों में किए जाने वाले कामों की समीक्षा

**मुंबई।** प्रदेश को परिवहन क्षेत्र में सुरक्षित, सुंदर और स्थाई बनाए रखने के लिए अगले तीन वर्षों में नई ई.वी. (इलेक्ट्रिक व्हीकल) नीति की घोषणा करने के साथ-साथ 15 साल पुराने वाहनों को स्क्रैप करें। सड़क दुर्घटनाओं की संख्या को कम करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल करके सड़क सुरक्षा बढ़ाने पर जोर दें। इस संबंध में गूगल के साथ करार (एमओयू) किया गया है, इसलिए इसका भी इस्तेमाल करें, ऐसा निर्देश प्रदेश के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिया है। सह्याद्री गेस्ट हाउस में मुख्यमंत्री फडणवीस ने परिवहन, बंदरगाह और महाराष्ट्र हवाई अड्डा विकास प्राधिकरण विभाग की अगले 100 दिनों की योजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन सेवा को गति देने के लिए प्रदेश में बाइक, टैक्सी, मैक्सी कैब शुरू करने पर जोर दिया जाना चाहिए।

### 15 वर्ष पुरानी बसें अब स्क्रैप

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि टैक्सी, ऑटो, सिटी बस सेवाओं के टिकट दरों के संबंध में भी निर्णय लें। वडसा-गढ़चिरौली और सोलापुर-धाराशिव के रेलवे परियोजना का काम भी शुरू करें। राज्य परिवहन सेवा की 15 वर्ष पुरानी बसों को स्क्रैप में निकाले और शेष बसों में एल.एन.जी. और साथ ही सी.एन.जी. की यंत्रणा (मैकेनिज्म) लगाए। जिससे बसों की कार्यक्षमता बढ़ेगी।

### दुर्घटनाएं रोकने समाधान जरूरी

इस समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने बसों की सुरक्षा के लिए एस.ओ.पी. निश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए हैं। घाटों पर बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं हो रही हैं, इसके लिए इंजीनियरिंग समाधान भी खोजें। इस बैठक में बंदरगाहों और हवाईअड्डा प्राधिकरण आदि विषयों के बारे में भी चर्चा हुई है।

# हथियार दिखाकर दो करोड़ रुपए के आभूषण लूटे

**मुंबई।** मुंबई में 1.91 करोड़ रुपए की लूट का मामला सामने आया है। मुंबई पुलिस अधिकारी ने बताया कि दो लोगों ने बंदूक और चाकू दिखाकर मुंबई के महालक्ष्मी इलाके में एक आभूषण की दुकान लूट ली। लुटेरे 1.91 करोड़ रुपए का सोना-चांदी लूट ले गए। अग्रीपाड़ा पुलिस स्टेशन के अधिकारियों के मुताबिक, घटना रविवार को सात रास्ता इलाके में हुई. अधिकारी ने कहा, "दोनों आरोपियों ने मालिक और कर्मचारियों को बांध दिया, उनके साथ मारपीट की और 1.91 करोड़ रुपए के आभूषण चोरी करके भाग गए।



### मिलीभगत का संदेह

- पुलिस ने कहा कि हमें संदेह है कि लुटेरों ने स्टोर और उसके कर्मचारियों के बारे में विस्तृत जानकारी एकत्र कर ली थी, जिससे उन्हें डकैती करने के लिए सही समय चुनने में मदद मिली। एक अन्वेषक ने कहा, हम इस संभावना पर भी गौर कर रहे हैं कि संदिग्धों को स्टोर में काम करने वाले या इसके संचालन में शामिल किसी व्यक्ति से पूर्व जानकारी हो सकती है।

### गिरफ्तारी की कोशिशें तेज

उन्होंने आगे कहा कि क्राइम ब्रांच भी मामले की जांच कर रही है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए 5-6 टीमों का गठन किया है। पुलिस ने कहा कि दुकान के मालिक भंवरलाल धरमचंद जैन ने शिकायत के बाद मामला दर्ज किया गया था।

### ग्राहक ने आकर खोले बंधन

लुटेरों के जाने के बाद दुकान पर आए एक ग्राहक ने जैन और उनके कर्मचारी को बंधा हुआ पाया। जौहरी ने मामले की सूचना अग्रीपाड़ा पुलिस स्टेशन में दी, जहां डकैती और घर में अतिक्रमण की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

# बांग्लादेश के हिंदुओं की सलामती को 'हरे कृष्णा' का जाप




- इस्कॉन मंदिरों में हो रही प्रार्थना
- जलाए जा रहे शांति के दीपक

**कोलकता।** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद से अल्पसंख्यकों पर लगातार हमले हो रहे हैं। अब इस्कॉन के सैकड़ों अनुयायियों ने बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए 'हरे कृष्ण' का जाप किया और गीत गाए। बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर मंगलवार को कोलकाता में अंतराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के श्रद्धालुओं ने प्रार्थना की।

### हिंदुओं की सुरक्षा की मांग

पड़ोसी देश में हिंदुओं की सुरक्षा की मांग वाली तख्तियां थामे इस्कॉन कोलकाता के प्रवक्ता राधारमण दास के नेतृत्व में श्रद्धालु अल्बर्ट रोड केंद्र में प्रार्थना में शामिल हुए। बांग्लादेश में पांच अगस्त को शेख हसीना नीत अवामी लीग सरकार के पतन के बाद से वहां अशांति बनी हुई है तथा देश के 50 से अधिक जिलों में सैकड़ों बार हमले हो चुके हैं। बांग्लादेश की कुल 17 करोड़ की आबादी में आठ प्रतिशत हिंदू हैं।

# माउंट आबू में पारा माइनस दो डिग्री, बर्फ की चादर बिछी




**माउंट आबू।** राजस्थान के हिल स्टेशन माउंट आबू में ठंड अपने पूरे तेवर दिखा रही है। मंगलवार सुबह लगातार दूसरे दिन शहर का तापमान माइनस 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, शहर में नए साल के जश्न मनाने के लिए पर्यटक भी पहुंचे हैं। हालांकि, प्रशासनिक स्तर पर इस बार शरद महोत्सव का आयोजन नहीं हो रहा है। पुलिस प्रशासन ने नववर्ष-2025 के कार्यक्रमों को लेकर एडवाइजरी जारी की है, जिसका उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पर्यटकों की रौनक

नववर्ष के आगमन से पहले माउंट आबू के छोटे-बड़े होटल और रिसॉर्ट्स में एडवांस बुकिंग हो चुकी है। पर्यटकों की सुखद अनुभव देने के लिए होटल संचालक अपने स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। मंगलवार दोपहर नक्की लेक, हनीमून पॉइंट, अचलगढ़, देलवाड़ा, गुरुशिखर, और पीस पार्क जैसे पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की खासी भीड़ रही। पर्यटकों ने सुबह की हल्की बर्फ और सर्द मौसम का भरपूर आनंद लिया।

### शहर में पुलिसकर्मी तैनात

नववर्ष पर जश्न मनाने आए पर्यटकों को किसी भी असुविधा से बचाने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए हुए हैं। सिरोही जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि नववर्ष के उपलक्ष्य में जिले में सार्वजनिक सुरक्षा और शांतिपूर्ण जश्न सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए।

# शनि मंदिर की रसीद काटते पकड़े गए मुस्लिम युवक

- हिंदू बनकर लोगों को दे रहे थे झांसा
- लोगों ने किया पुलिस के हवाले

**जोधपुर।** राजस्थान के जोधपुर शहर के कुड़ी भगतासनी सेक्टर 9 में तब हंगामा मच गया जब लोगों ने दो भाइयों को पकड़ा था। ये लोग खुद को हिंदू बताकर शनि मंदिर के नाम पर फर्जी रसीदें काट रहे थे। क्षेत्र में काफी हंगामे के बाद लोगों ने युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार कर अग्रिम पूछताछ आरंभिक की है। इनके द्वारा टायर चुराने का भी संदेह व्यक्त किया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से इनकी पहचान की जा रही है। कुड़ी भगतासनी पुलिस ने बताया कि सेक्टर 9/685 निवासी संजय पुत्र हरीशचंद्र सिंधी की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि रविवार की सुबह वह क्षेत्र में हंगामा होने पर घटनास्थल पर पहुंचा था तब पता लगा कि लोगों ने दो युवकों को पकड़ कर रखा है, जोकि खुद को हिंदू बताकर शनि मंदिर के नाम



पर फर्जी रशीदें बनाकर काट रहे थे। बाद में युवकों को लोगों ने उनका असली नाम पूछा तो उन्होंने खुद को मोसीन खां और आमिर खां होना बताया था। कुड़ी पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया। पुलिस दोनों युवकों पकड़ कर थाने ले गई। दोनों युवकों सरस्वती नगर ओम कॉलोनी निवासी मोसीन खां पुत्र सईद खां और उसके भाई आमिर खां को गिरफ्तार कर लिया। दो और लोग भी थे जोकि मौके से भाग गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवाया।

# राजा की बावड़ी में मिली दूसरी मंजिल

**संभल।** राजा की बावड़ी की खुदाई का काम जारी है। खुदाई में बावड़ी के दूसरी मंजिल का गेट नजर आ रहा है। यूपी के संभल में राजा की बावड़ी की खुदाई का काम जारी है। खुदाई में बावड़ी के दूसरी मंजिल का गेट नजर आ रहा है। साफ-सफाई और मलबा हटाने के बाद वहां तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। इससे पहले खुदाई के दौरान बावड़ी के पहली मंजिल का पता चला था, जिसमें सीढ़ियां आदि नजर आ रही थीं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर चंदौसी इलाके में स्थित ये राजा की बावड़ी कितने मंजिला है। हालांकि, कुछ लोग इसके तीन मंजिला होने का दावा कर रहे हैं। लेकिन खुदाई और मलबा हटाने का काम पूरा होने के बाद ही इसका पता चल सकेगा। राजा कि बावड़ी में हाथों और जेसीबी से मलबा हटाने का काम दर्जनों मजदूरों द्वारा किया जा रहा है। चंदौसी की यह बावड़ी कई दशकों से मिट्टी और कचरे के ढेर में दबी थी। इसके अंदर पुराने समय के पत्थरों से बनी संरचनाएं और सुरंगनुमा रास्ते पाए गए हैं। सीढ़ियां के जरिए बावड़ी की गहराई में उतरा जा सकता है।



### शख्स ने बजाया शंख, इमाम को आपत्ति

- बीते दिन जब बावड़ी के दूसरे तल का पता चला तो एक शख्स ने उसके अंदर जाकर शंख बजाया। वहीं, फिजा को आंच न आ सके, इसके लिए पुलिस-पीएसी का सख्त पहरा है। बाहरी लोगों के बावड़ी परिसर में प्रवेश पर अंकुश लगाया गया है। मौके पर मीडिया का जमावड़ा है। गौरतलब हो कि सन 1720 में राजा आत्माराम द्वारा बनवाई गई इस प्राचीन बावड़ी की खुदाई में नए-नए खुलासे हो रहे हैं। एएसआई की टीम भी जांच में जुटी

# राजस्थान में बर्ड फ्लू को लेकर अलर्ट

## कुरजां की मौत ने बढ़ाई चिंता



**जयपुर।** राजस्थान के जोधपुर जिले के खींचन में बर्ड फ्लू से प्रवासी पक्षी कुरजां की मौत के बाद सांभर झील में भी प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ा दी गई है। वन विभाग और सांभर साल्ट प्रबंधन ने झील क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है। कर्मचारी नियमित रूप से पेट्रोलिंग कर रहे हैं और अब ड्रोन से भी सर्वेक्षण किया जा रहा है। डीएफओ वी. केतन कुमार का कहना है कि जोधपुर के खींचन में डोमिसाइल क्रेन (कुरजां) में बर्ड फ्लू के मामले सामने आने के बाद, चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन ऑफिस से अलर्ट मिला है। प्रदेशभर में वेटलैंड्स की निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। राहत की बात यह है कि सांभर झील में किसी भी पक्षी में बर्ड फ्लू के लक्षण नहीं पाए गए हैं। खींचन की घटना के बाद प्रदेशभर में अलर्ट जारी कर दिया गया है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, सांभर झील में बड़ी संख्या में माइग्रेटरी बड्र्स मौजूद हैं, जिनमें ग्रेटर और लेजर फ्लेमिंगो के अलावा वीडर्स, शोरबड्र्स, बतख और कॉमन क्रेन भी शामिल हैं।

### रेस्क्यू सेंटर बनाया

इन पक्षियों के आकर्षण के कारण बर्ड वाचर्स भी बड़ी संख्या में झील क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। वन विभाग पेट्रोलिंग और पैदल गश्त बढ़ाकर सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है। डीएफओ ने बताया कि वन विभाग ने काचरोदा नर्सरी में एक रेस्क्यू सेंटर भी बनाया है।

### गाइड लाइन तय

बर्ड फ्लू के संदिग्ध मामलों में पक्षियों का इलाज किया जाएगा। कोई पक्षी घायल मिलता है, तो उसे तुरंत नर्सरी में भेजकर उपचार करवाया जाएगा। संक्रमण फैलने से रोकने के लिए मृत पक्षी को नष्ट करने के लिए गाइडलाइन तय की गई है।

### संक्रमण रोकने के प्रयास

- मृत पक्षी का शव झील से हटाकर गड्ढा खोदकर जलाया जाता है, ताकि संक्रमण फैलने का कोई खतरा न रहे। सांभर झील का क्षेत्रफल करीब 240 वर्ग किलोमीटर है, जिससे हर जगह पैदल गश्त करना संभव नहीं है, इसलिए ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध घायल पक्षी को उपचार मिल सके।

# म.प्र. राज्य निर्वाचन आयुक्त बने पूर्व आईएएस मनोज श्रीवास्तव




आज से संभालेंगे कार्यभार

**भोपाल।** सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मनोज श्रीवास्तव को मध्य प्रदेश का नया राज्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति को राज्य सरकार ने मंजूरी दी है। पूर्व आईएएस अधिकारी मनोज श्रीवास्तव प्रदेश के नए राज्य निर्वाचन आयुक्त होंगे। श्रीवास्तव 1 जनवरी से अपना कार्यभार संभालेंगे। वर्तमान में श्रीवास्तव प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सदस्य पद की जिम्मेदारी निभा रहे थे, उन्होंने इस पद से मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। राज्य सरकार ने उनकी राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। मनोज श्रीवास्तव 1987 बैच के मध्य प्रदेश कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं। उनको प्रशासनिक काम का अच्छा अनुभव है। इससे प्रदेश में राज्य निर्वाचन के माध्यम से होने वाले चुनाव के संचालन को प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। श्रीवास्तव प्रदेश सरकार के विभागों में कई अहम पदों पर रहे। वह 2021 में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे।


# सीएसआईआर यूजीसी नेट के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई

**मुंबई।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने सीएसआईआर यूजीसी नेट दिसंबर 2024 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है। अगर आप ने अभी तक आवेदन नहीं किया है तो अब आप 2 जनवरी 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2024 थी। इसलिए अगर आप ने अभी तक आवेदन फॉर्म नहीं भरा है तो अभी आधिकारिक वेबसाइट csirnet.nta.ac.in पर जाएं और आवेदन फॉर्म को भरकर जमा करें। आखिरी तारीख के बाद उम्मीदवारों के आवेदन फॉर्म को



स्वीकार नहीं किया जाएगा। एनटीए ने सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा दिसंबर 2024 सत्र के लिए आवेदन की प्रक्रिया 9 दिसंबर 2024 से शुरू कर दी थी। सीएसआईआर नेट परीक्षा का आयोजन 16 से 28 फरवरी तक होगा। 1 जनवरी व 2 जनवरी को फॉर्म में करेक्शन कर सकेंगे। सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा जेआरएफ, विश्वविद्यालयों में लेक्चररशिप (एलएस) असिस्टेंट प्रोफेसर पद की पात्रता और पीएचडी प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। यह परीक्षा साल में दो बार होती है। जेआरएफ उम्मीदवारों की आयु 28 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। एससी, एसटी, थर्ड जेंडर, पीडब्ल्यूडी, महिलाओं के लिए ऊपरी आयु सीमा 5 वर्ष तक और ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) के लिए 3 वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है। हालांकि, लेक्चरशिप (एलएस) या असिस्टेंट प्रोफेसर के पद के लिए आवेदन करने के लिए कोई ऊपरी आयु सीमा नहीं है।

# वायु गुणवत्ता खराब : मुंबई का एक्यूआई 200 के पार



**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में वायु गुणवत्ता खराब होने के चलते बृहन्मुंबई नगर निगम ने शहर में जीआरएपी 4 मानदंड लागू करने का फैसला किया है। मुंबई के जिन क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 से ऊपर है, वहां सभी निजी और सार्वजनिक निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश है। प्रशासन की ओर से कहा गया कि मुंबई के जिन क्षेत्रों में एक्यूआई सूचकांक 200 अंक से अधिक है। वहां जीआरएपी 4 मानदंडों के तहत सभी निर्माण स्थलों पर काम रोका गया है। एक बार जब एक्यूआई 200 को पार कर जाता है, तो डेवलपर्स को कोई भी काम रोकने का नोटिस जारी किए बिना नियम तुरंत लागू कर दिया जाएगा।

### कुछ निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध

- बीएमसी प्रशासन ने बताया कि अभी मुंबई के बोरीवली ईस्ट और भायखला में निर्माण कार्य को बंद किया गया है। जहां लगातार खराब एक्यूआई पहुंच रहा था। बीएमसी ने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक वायु गुणवत्ता में सुधार नहीं हो जाता, तब तक शहर में खुदाई के लिए कोई नई अनुमति नहीं दी जाएगी।

### कार्रवाई का आदेश

- काम रोके जाने की नोटिस के बावजूद भी निर्माण कार्य जारी रहता है, तो संबंधित डेवलपर्स को महाराष्ट्र क्षेत्रीय एवं नगर नियोजन अधिनियम की धारा 52 के तहत दंडात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

### गंभीर श्रेणी में मुंबई की हवा

- सर्दियों में वायु प्रदूषण नियंत्रण योजना के तहत जीआरएपी 4 प्रतिबंधों में निर्माण गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध शामिल है। प्रतिकूल मौसम स्थितियों के कारण मुंबई की वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गई है। वायु गुणवत्ता में गिरावट के कारण, इस महीने की शुरुआत में दिल्ली में स्टेज 4 प्रतिबंध लागू किए गए थे।